भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3154 का उत्तर

कोहरे के कारण ट्रेन रद्द किया जाना

3154. श्री सुनील कुमार:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नरकटियागंज से गोरखपुर जाने वाली सुबह 5:30 बजे की ट्रेन संख्या 55097/55098 कोहरे के कारण फरवरी तक रद्द कर दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि उत्तरी बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों के यात्रियों के लिए विभिन प्रयोजनों के लिए गोरखपुर जाने वाली पहली ट्रेन सत्याग्रह एक्सप्रेस होगी, जिसमें चार सामान्य कोच हैं और इसका किराया भी एक्सप्रेस ट्रेन के बराबर है, जो कि अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार गरीब छात्रों, बीमार व्यक्तियों और व्यापारियों आदि के लिए चलाई जा रही यात्री ट्रेनों को बंद करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार बगहा, वाल्मीकि नगर, भैरोगंज, हरिनगर, चामुवा और नरकटियागंज के लोगों के हित में गोरखपुर जाने वाली इस यात्री ट्रेन को निलंबित करने पर विचार नहीं करेगी, क्योंकि एक्सप्रेस ट्रेनें कोहरे के मौसम में इसी मार्ग से गुजरती हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) कोहरा और जलवायु से संबंधित परिस्थितियां सभी परिवहन साधनों - सड़क, रेल और हवाई यात्रा को प्रभावित करती हैं। भारतीय रेल रेलगाड़ी को अनुसूचित समय पर चलाने और उनके समयपालन का हर संभव प्रयास करती है। बहरहाल, कोहरे वाले मौसम की स्थिति रेलगाड़ी सेवाओं के सामान्य संचालन को प्रभावित करती है जिससे रेलगाड़ियां देरी से चलती है, रद्द होती हैं और आंशिक रूप से रद्द होती हैं। तदनुसार, 25 दिसंबर, 2025 से 13 जनवरी, 2026 की अवधि के दौरान 55097/55098 नरकटियागंज-गोरखपुर पैसेंजर सेवाएं बंद रहीं। 55097/55098 नरकटियागंज-गोरखपुर पैसेंजर का परिचालन 14 जनवरी, 2026 से फिर से शुरू किया गया है।

****